विश्व एड्स जागरूकता पखवाड़े का समापन पुरस्कार वितरण के साथ

''एड्स का यह उपचार, स्वच्छ सोच व उच्च विचार।

एड्स का करो संहार, जागरूकता को बना हथियार॥''

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में निदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा के निर्देशानुसार 01 दिसंबर,2016 से 15 दिसंबर,2016 तक महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी और रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में 'विश्व एड्स पखवाड़ा' के अंतर्गत एड्स जागरूकता सम्बंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस पखवाड़े के दौरान एड्स एवं नशाखोरी जागरूकता से सम्बंधित पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय रखा गया – "जागरूकता ही एड्स और नशाखोरी से बचने का एकमात्र उपाय है।" इन विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं-

स्लोगन लेखन

गीता बी ए तृतीय वर्ष प्रथम, कविता बी ए तृतीय वर्ष द्वितीय, मुकुल बी कॉम (सी ए) द्वितीय वर्ष तृतीय

पोस्टर मेकिंग

मोनिका बी ए तृतीय वर्ष प्रथम, बबिता बी वॉक द्वितीय वर्ष द्वितीय, डॉली अग्रवाल बी वॉक द्वितीय वर्ष तृतीय

निबंध लेखन

काजल बी ए द्वितीय वर्ष प्रथम, हिनाक्षी बी ए तृतीय वर्ष द्वितीय, वर्षा बी ए प्रथम वर्ष तृतीय।

समापन समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को हरियाणा एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, पंचकूला द्वारा तैयार की गयी। एड्स की जागरूकता सम्बंधित फिल्म भी दिखाई गयी। विजेताओं को कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने पुरस्कार दे कर सम्मानित किया और ऐसे ही समाजोपयोगी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस पखवाड़े का संचालन और संयोजन डॉ जयपाल सिंह की देख रेख में हुआ।